हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]

## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर सामान सहित नगदी चोरी

**राजनांदगांव।** रात में दुकान का ताला तोड़कर चोर भीतर प्रवेश



किए और दुकान में रखे होम थियेटर एवं गल्ले से नगदी रकम पांच हजार रुपए की चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार लाइन में स्थित अनमोल गिफ्ट कार्नर के नाम से इलेक्ट्रॉनिक-इलेक्ट्रिकल्स की दुकान के शटर में लगे दोनों ताला को तोड़कर बीती रात चोर भीतर प्रवेश किए और दुकान में रखे होम थियेटर कीमती लगभग 7300 तथा गल्ले में रखे नगदी रकम 5000 रुपए को चोरी कर फरार हो गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी रामसेवक वर्मा ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## माय एंगल




# कागजों में पीएम आवास का आबंटन, कब्जाधारी नहीं छोड़ रहे मकान

## हितग्राही निगम दफ्तर के लगा रहे चक्कर, आयुक्त से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत व्यवस्थापन अंतर्गत एएचपी आवास शहर के मोहारा, रेवाडीह और लखोली क्षेत्र में हितग्राहियों को दिया गया है, लेकिन व्यवस्थापन के नाम पर नगर निगम ने आवास का आबंटन केवल कागजों में किया है। जबकि हितग्राहियों को अपने आवास का कब्जा नहीं मिल रहा है।

शहर के रेवाडीह, मोहारा और लखोली में बने प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में नगर निगम द्वारा हितग्राहियों का व्यवस्थापन करते उन्हें यहां मकान आवंटित किया गया है, लेकिन नगर निगम ने जो आबंटन पेपर में आवास का उल्लेख किया है, वहां पहले से ही कब्जाधारी रह रहे हैं। ऐसे में व्यवस्थापन के तहत आबंटित आवास हितग्राही को नहीं मिल पा रहा है। जिसके लिए हितग्राही नगर निगम के चक्कर भी काट रहे हैं, लेकिन नगर निगम के अधिकारी इन आवास को कब्जा मुक्त कराकर हितग्राहियों को देने में नाकाम हो रहे हैं।

⏩ शेष पेज 12 पर

### असामाजिक तत्वों का कब्जा

प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध कब्जे के चलते कई असामाजिक तत्वों के लोग भी अपना डेरा जमाए हुए हैं। बीते दिनों शहर के रेवाड़ीह क्षेत्र के एक मकान में बाहर से आकर रहने वाले चोर गिरोह के सदस्य को लालबाग पुलिस ने पकड़ा था।



### भटक रहे हितग्राही

नगर निगम द्वारा आबंटित आवास में कब्जाधारी होने के चलते वास्तविक हितग्राही को आवास नहीं मिल पा रहा है और वह आबंटन पेपर रखकर भड़काने मजबूर हो रहे हैं।

### किराये पर रहने मजबूर

नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त करते हुए कई क्षेत्रों में लोगों के मकान तोड़े हैं, जिन्हें व्यवस्थापन के तहत मकान दिया गया है, लेकिन यह मकान केवल कागज में ही मिला है। कब्जाधारियों के मकान खाली नहीं करने के चलते हितग्राही किराये के मकान में रहने मजबूर हैं।

**विवाद की स्थिति :** नगर निगम से आबंटित मकान के हितग्राही जब कब्जाधारियों को आबंटन पेपर दिखाकर मकान खाली करने कहते हैं तो उनके साथ कब्जाधारी विवाद करते हैं। नगर निगम में शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती है।

## तीन तालाबों से भी फैक्ट्री को पानी देने की तैयारियों से पनपा आक्रोश

# निजी उद्योग को जलाशय से पानी देने बिना अनुमति के बिछी पाइप लाइन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांवों में भीषण जल संकट के हालात निर्मित हो रहे हैं और इस बीच फुलझर में स्थापित होने वाले एक उद्योग समूह को इंदावानी और आसपास के तीन गांव के तालाबों से पानी देने की तैयारी चल रही है। प्रशासन से अनुमति लिए बगैर ही उद्योग द्वारा पाईप लाइन बिछाए जाने के चलते अब ग्रामीणों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई है। ग्रामीणों का साफतौर पर कहना है कि यदि जलाशय और तालाबों से पानी दिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव ब्लॉक के अधीन ग्राम फुलझर में न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा. लिमिटेड कंपनी द्वारा उद्योग स्थापित किया जा रहा है। इस उद्योग के लिए इंदावानी जलाशय, कोपेडीह जलाशय और अंजोरा के राजा तालाब से पानी दिए जाने की तैयारी की जा रही है।

⏩ शेष पेज 12 पर



### सिंचाई महकमे ने निरस्त किया प्रस्ताव

इंदावानी जलाशय से फैक्ट्री के लिए पानी लेने के लिए न्यू लुक बायो फ्यूल्स प्रा. लिमिटेड कंपनी ने सिंचाई विभाग से गणना कराई थी। बताया जाता है कि महकमे ने गणना कर अपनी रिपोर्ट भी दे दी थी। ग्राम पंचायतों द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने के चलते सिंचाई विभाग ने इस प्रस्ताव को निरस्त कर दिया है।

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

फुलझर में नवनिर्मित उद्योग द्वारा जलाशय और तालाबों से पानी लिए जाने की तैयारियों के बीच विरोध भी तेज हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने आज प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पानी नहीं देने की मांग की है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भागवत साहू का कहना है कि फैक्ट्री को पानी दिए जाने से गांवों में पेयजल, निस्तारी और सिंचाई का पानी नहीं मिल पाएगा।

### किसके आदेश से बिछी पाईप लाइन

फुलझर सहित आसपास के गांव में पिछले डेढ़ माह से उद्योग समूह द्वारा पाईप लाइन बिछाई जा रही है। सरकारी जमीन पर बिना किसी अनुमति के ही पाईप लाइन बिछा दी गई है। किसानों का कहना है कि आखिर यह पाईप लाइन किसकी अनुमति से बिछाई गई है?

### आवेदन निरस्त

कंपनी द्वारा इंदावानी जलाशय से पानी लेने के लिए आवेदन दिया गया था, जिसे निरस्त कर दिया गया है।

**- नीलेश रामटेके,**
ईई, सिंचाई विभाग

### होगा पूरजोर विरोध

गांवों में पीने के लिए पानी नहीं है और भाजपा सरकार द्वारा फैक्ट्री को पानी दिए जाने बकायदा पाईप लाइन बिछाई जा रही है। इसका पूरजोर विरोध होगा।

**-अंगेश्वर देशमुख,** सदस्य, जिला पंचायत

# 248 अतिशेष शिक्षकों की गांवों के स्कूलों में पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले में अतिशेष शिक्षकों की नवीन पदस्थापना आज शहर के बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में काउंसलिंग के माध्यम से की गई। युक्तियुक्तकरण के तहत आयोजित इस काउंसलिंग प्रक्रिया में दो पालियों में अतिशेष शिक्षकों को नवीन पदस्थापना दी गई।

जिलेभर में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों को शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय स्कूलों में पदस्थापना दी गई। इसके लिए पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया का आयोजन किया गया। शहर के बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल में आयोजित काउंसलिंग प्रक्रिया में प्रथम दिन 248 शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में पदस्थ किया गया है।

### नहीं की आपत्ति

काउंसलिंग प्रक्रिया को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि 23 शिक्षक संगठनों के साथ मंच ने अपनी बातें शासन तक पहुंचाई है। जिसमें मांग की गई थी कि 2008 के सेटअप का पालन किया जाए।

### 158 शिक्षकों की काउंसलिंग आज

युक्तियुक्तकरण के तहत कल मंगलवार को काउंसलिंग के दूसरे दौर में मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूल में 158 अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की जाएगी।

### परिसर में विरोध भी

इधर काउंसलिंग को लेकर कुछ शिक्षक संगठनों द्वारा युक्तियुक्तकरण का विरोध भी किया जा रहा था। वहीं आज सुबह काउंसलिंग शुरू होने पर डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल परिसर में सुरगी स्कूल में पदस्थ शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा विरोध किया गया। बसंतपुर पुलिस कार्रवाई करते उन्हें थाना ले आई।

# ड्राइवरों का अल्टीमेटम: शीघ्र करें शराबबंदी वरना छोड़ देंगे स्टेयरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते कुछ वर्षों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने आज कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी करने की मांग की है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी विभिन्न मांगों से अवगत कराया है। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा कहा गया है कि उक्त मांगे आगामी 1 अक्टूबर तक पूर्ण नहीं किया जाता है तो 25 अक्टूबर से 05 नवंबर तक 11 दिवसीय स्टेरिंग छोड़ अभियान चलाया जाएगा। बीते कुछ समय से अपने अधिकारों के लिए लगातार

⏩ शेष पेज 12 पर



### सड़क पर दुर्व्यवहार

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के जिला अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने कहा है कि वाहन चालकों को जागरूक करके यातायात नियमों के अधीन रहकर वाहन चलाने के लिए संगठन द्वारा प्रेरित किया जाता है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर वाहन चालकों के साथ मारपीट, गाली-गलौज, लूटपाट जैसी कई घटनाएं हो रही है। जिसका मुख्य कारण शराब है। जिससे वाहन चालक परेशान हैं। शराबबंदी से अन्य लोगों द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटना भी नहीं होगी।

### वेलफेयर बोर्ड बनाने की मांग

ड्राईवर महासंगठन के लोगों ने प्रधानमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री से मांग करते हैं। वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु कठोर कानून एवं वाहन चालक के आर्थिक संरचना हेतु चालक वेलफेयर बोर्ड का गठन करने मांग की है।

# म्यूल एकाउंट खाताधारक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्यूल एकाउंट धारकों के खिलाफ किए जा रहे कार्रवाई के दौरान डोंगरगढ़ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा आज फिर एक म्यूल एकाउंट धारक के विरूद्ध कार्रवाई किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिए उपयोग में लाया गया है, की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है।

विवेचना के दौरान खाताधारक गुमेन्द्र वर्मा उम्र 29 निवासी ग्राम ठाकुरटोला थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव का पता तलाश कर पूछताछ किया, जो 15 मई 2024 को सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त

⏩ शेष पेज 12 पर



### मामला दर्ज

पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गए म्यूल एकाउंट धारकों के संबंध में जानकारी संकलित कर वैधानिक कार्रवाई कर रही है। इसी तारतम्य में थाना डोंगरगढ़ में समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार म्यूल बैंक खाताधारक के विरूद्ध 18 मार्च को धारा-411, 413, 414 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

# चखना दुकान में गुर्गों ने शराबी के साथ की जमकर मारपीट, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



छुईखदान स्थित शराब भट्टी में चखना दुकान चलाने वालों ने रविवार की रात खुलेआम दादागिरी कर एक शराबी व्यक्ति की इतनी पिटाई कर दी। जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की रात जाहिद खान शराब पीने के लिए शराब दुकान गया था। वहां चखना दुकान वालों के साथ किसी बात लेकर कहा-सुनी हो गई, जिसे लेकर चखना दुकान के गुर्गों ने जाहिद खान की इतनी पिटाई कर दी कि वो बेहोश होकर गिर पड़ा, जिस पर शराब दुकान में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने 112 में कॉल कर सूचना दी, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान सुबह उक्त व्यक्ति जाहिद खान की मौत हो गई। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया है नगरवासियों ने बाहरी व्यक्ति जो खुलेआम दादागिरी कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे हैं।

### बेहोशी की हालत में भर्ती

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 निवासी जाहिद खान पिता रहीमुद्दीन खान उम्र लगभग 35 वर्ष, जो रात्रि में शराब दुकान शराब पीने के नाम पर गया हुआ था। जिसकी किसी बात को लेकर वहां पर स्थित चखना दुकान चलाने वालों से बातचीत हो गई। जिसमें चखना दुकान में कार्यरत राकेश नाम के लड़के ने इतना मारा कि वह बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसे देखकर शराब भट्टी में कार्यरत सुरक्षा गार्ड ने स्थानीय पुलिस थाना में 112 नंबर डायल कर सूचना दी कि यहां पर एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है, जिसे पुलिस वालों ने उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। रातभर उपचार के दौरान सुबह-सुबह उस व्यक्ति जाहिद खान की मौत हो गई।

### पुलिस की सतर्कता से पकड़ाया

पुलिस को जैसे ही पता चला कि रात में जो व्यक्ति घायल था, उसकी मौत हो गई तो छुईखदान पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए चखना दुकान में कार्यरत व्यक्ति राकेश को सुबह ही धरदबोचा और सीसीटीवी को जब्त कर जानकारी इकट्ठा किया। शाम को छह बजे के आसपास पोस्टमार्टम कराकर घर वालों को मृतक का शव सौंप दिया गया।

# नशीली टेबलेट बेचने का आरोपी बिहार से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से नशीली दवाई बिक्री करने के मामले में पुलिस ने पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की थी। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस ने बिहार के भागलपुर से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 मई को पुलिस को सूचना मिली कि दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ में रहने वाला साजन कुमार कनसारा खैरागढ़ रोड कक्कड़ पेट्रोल पंप के सामने डोंगरगढ़ में अवैध रूप से नशीली टेबलेट बेच रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए साजन कुमार कनसारा 35 वर्ष निवासी



दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ स्थायी पता ग्राम सबोर ठठेरीटोला पोस्ट थाना सबोर जिला भागलपुर बिहार को पकड़कर आरोपी से नशीली टेबलेट कुल 20 पत्ता प्रत्येक पत्ता में 10 नग टेबलेट कुल 200 नग एवं बिक्री नगदी रकम 500 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-21(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत

⏩ शेष पेज 12 पर

## 15वें वित्त आयोग की राशि के आबंटन में गड़बड़ी पर जताई नाराजगी

# भजन गाकर जपं सदस्यों ने मांगी विकास के लिए राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ जनपद क्षेत्र में 15वें वित्त की राशि का सभी क्षेत्रों में बराबर आवंटन नहीं होने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते 8 जनपद क्षेत्र के सदस्यों ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ प्रदर्शन किया। जनपद सदस्यों ने जिला पंचायत कार्यालय परिसर में बैठकर रघुपति राघव राजाराम भजन गाते हुए राशि का सभी क्षेत्रों में बराबर आवंटन की मांग को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

15वें वित्त की राशि का सभी क्षेत्रों में बराबर आवंटन करने की मांग को लेकर डोंगरगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के 8 जनपद सदस्य, सरपंच, पंच और अन्य ग्रामीण जिला पंचायत पहुंचे। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह को ज्ञापन देकर दल विशेष के लोगों से भेदभाव करने का आरोप लगाया है।

### नहीं लिया गया प्रस्ताव

राशि नहीं मिलने को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव और महेश कुमार सेन ने कहा कि बीते शनिवार को डोंगरगढ़ जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें 1 करोड़ 29 लाख रुपए का प्रस्ताव होना था। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में हमारी सहमति नहीं ली गई। वहीं हमसे प्रस्ताव नहीं लिया गया। वहीं उन्होंने कहा कि राशि नहीं देकर आठ क्षेत्र की जनता को विकास कार्यों से वंचित किया जा रहा है। उन्हें बताया कि इस 8 क्षेत्र में 40 ग्राम पंचायत में सैकड़ों गांव है, जहां विकास नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि दल विशेष के जनप्रतिनिधि होने के कारण राशि नहीं दी जा रही है।



### आंदोलन की चेतावनी

जनपद सदस्यों ने आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में वर्तमान में बैठे जनपद पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा आपस में ही मिलकर इसका वितरण किया जा रहा है, जो पूरी तरह नियम विरूद्ध है। 15वें वित्त की राशि का डोंगरगढ़ जनपद पंचायत में सभी 25 क्षेत्रों में बराबर आबंटन किए जाने की मांग की है और बराबर आवंटन नहीं होने पर सड़क की लड़ाई लड़ने की बात कही है।

### समन्वय बनाने निर्देशित

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने को लेकर शिकायत की गई है। सीईओ जनपद को समन्वय बनाकर काम करने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि 15वें वित्त की राशि का प्रस्ताव जाता है। बहुमत के आधार पर आवंटन होता है। इसमें आपसी समन्वय बनाना जरूरी रहता है।

### आठ क्षेत्र के जनपद सदस्य

जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र के मेढ़ा, उरईडबरी, भोथली, कुसमी, बिलहरी, कन्हारगांव और पलांदुर में 15वें वित्त की राशि नहीं देने को लेकर यहां के जनपद सदस्यों द्वारा प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव, मंजू वर्मा, उर्वशी वर्मा, महेश सेन, गुलशन लिल्हारे, मनहरण सिंह, अहिल्या कंवर, दुर्गा प्रसाद रात्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

### गाईड लाइन का पालन नहीं

जिला पंचायत सीईओ को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में वर्ष 2025-26 सत्र की 15वें वित्त की राशि 1 करोड़ 29 लाख रुपए आवंटन प्राप्त हुआ है, जिसे डोंगरगढ़ जनपद के सभी 25 जनपद क्षेत्र में बराबर बराबर वितरित किया जाना है, किन्तु इसे दलीय आधार पर केवल भाजपा समर्पित जनपद सदस्यों को देने की साजिश की जा रही है, जो पूरी तरह नियम विरूद्ध तथा अवैध है। जबकि 15वें वित्त की गाईड लाइन के अनुसार सभी जनपद क्षेत्र में सुविधा एवं जनता की मांग अनुरूप इसका वितरण किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सड़क पर गड्ढा



**रामाटोला।** रामाटोला से मेढा मार्ग पर पाईप बिछाने के कारण जैतखाम चौक पर गहरा गड्ढा हो गया है जिसके कारण हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। आसपास में घर होने से कभी भी बच्चे और बड़े गिर कर जख्मी हो सकते हैं। ग्रामीणों ने गड्ढे को भरवाने की मांग की है। यह जानकारी सरपंच ने दी।

### श्रद्धा से मनायी जयंती




**रामाटोला।** ग्राम मक्काटोला में गत दिनों देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि जिपं सदस्य प्रशांत कोडापे, विशेष अतिथि सरपंच संध्या वर्मा, उप सरपंच सुभाष बंजारे, ग्राम प्रमुख हेमंत साहू, नरेंद् ओटी, चमरु नेताम , चुरामन सोनी थे। इस दौरान गोपाल धनकर, शिवेंद्र धनकर, संतोष धनकर, राजेंद्र धनकर, भुवन धनकर, नारायण धनकर, दीपचंद्, डेली, बद्री नारायण, कन्हैया, महेंद्र, डेरहाराम, शिव, देवेंद्र, महेंद्र, रामकिशन, देवा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में धामिनबाई, रूपा, जनताबाई, वेणु, लीलाबाई, वंदना, पदमा, संतोषी, सुमन, अर्चना, भगवती, तीरथ, पार्वती की मौजूदगी रही। इस मौके पर झाड़े गड़रिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने 10 वीं और 12 वी उत्तीर्ण बच्चों को देवी अहिल्या बाई होल्कर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में 12 वीं के विक्की धनकर, 10 वीं की जिज्ञासा धनकर, और टेपिना धनकर शामिल थी। इस दौरान श्री कोडापे ने देवी अहिल्या की जीवनी पर प्रकाश डाला।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस ने कल 3 जून को संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया है। रैली छिरपानी प्रांगण से दोपहर 12 बजे निकलेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज ने स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक लिया। आयोजकों ने विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, नागरिकों से संविधान बचाओ रैली में शामिल होने का आव्हान किया है।

### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम दुर्रेबंजारी के ग्रामीणों ने शीतला मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश भवन निर्माण की मांग जनपद प्रत्याशी संजय सिन्हा के समक्ष रखा था। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने घोषणा के दो माह बाद ही ग्रामीणों की मांग को पूरा दिया है जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। शीतला मंदिर के पास 3 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा जिसका गत दिनों भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर श्री सिन्हा के अलावा उत्तरा निषाद, भानबाई मंडावी, उभेराम मंडावी, प्रकाश मोटघरे, मनोज साहू, बिसोबाई मंडावी, सुखूराम साहू, विजय सहारे, नीलकंठ, सुखदेव, बारातु मंडावी, पवन साहू, बेनीराम सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### रेत चोरी के खिलाफ रातभर दबिश दी अफसरों ने

# उंगली उठने के बाद कार्रवाई करने निकले अफसर, चार ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

रेत माफिया के नियंत्रण से बाहर होने और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने के बाद रविवार की रात को ताबड़ तोड़ कार्रवाई करते हुए चार सोल्ड ट्रेक्टर जब्त किया गया। पूरी कार्रवाई राजस्व विभाग द्वारा की गई इस दौरान खनिज संपदा की चोरी रोकने के लिए जिम्मेदार खनिज विभाग दूर दूर तक नजर नहीं आया।

उल्लेखनीय है कि सत्ता परिवर्तन के बाद से खनिज माफिया नेताओं के संरक्षण में अंधाधुंध रेत का खनन और परिवहन कर विभिन्न नदियों को खोखला करने में लगा है। रेत के अवैध दोहन के लगातार मामले सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से संदेह व्यक्त किया जा रहा था इस खेल में नेता और अधिकारी संरक्षक की भूमिका निभा रहे है। गौरतलब है कि बगदई, मेढ़ा, रातापायली, साल्हे, चांदो, आसरा सहित अन्य गांव से बेहिसाब रेत का खनन और परिवहन किया जा है।

#### रातभर जागे अफसर

जानकारी के अनुसार अनुभाग मुख्यालय के चारों तरफ से रेत की निकासी के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। प्रशासन की छबि तार तार होने के बाद एसडीएम और तहसीलदार ने रविवार की रात को मोर्चा संभालते हुए चार सोल्ड ट्रेक्टर को रेत के साथ जप्त किया। इससे पहले रातापायली से भी ट्रेक्टर जप्त किया गया था।



#### कर्मी भी संदेह के घेरे में

जानकारी के अनुसार कुछ अधिकारियों के वाहन चालक खनिज माफिया से बेजा वसूली करने में जुटे हैं। वाहन चालकों के डिजिटल खातों की जांच किया जाए तो कई संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हो सकता है। इसी प्रकार खनिज विभाग के कुछ कर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। बताया जाता है कि यह कर्मी माफिया को कार्रवाई के पूर्व ही जानकारी देते है जिससे कई बार मौके से वाहन गायब हो जाते है।

#### आवास योजना बनी सुरक्षा कवच

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निर्माण के लिए रेत का खनन करने की छूट दिया है। शासन की इस छूट का पूरा फायदा खनिज माफिया उठा रहा है। जितनी संख्या में आवास स्वीकृत है और उसमे लगने वाली रेत से कहीं अधिक मात्रा में रेत का खनन और परिवहन किया जा चुका है। कुछ जगहों पर मेटाडोर और ट्रेक्टर में सीधे रेत लोड किया जा रहा है तो कुछ जगहों पर छोटे वाहन से निकासी करने के बाद डंप कर महंगे में बेचा जा रहा है।

---

# समर कैंप का समापन मनाई अहिल्या जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा और सीखने की भावना को दिल से सराहा। समापन मौके पर प्राचार्य अनिल पाल ने कहा कि बच्चे ही कल का भविष्य है। इस प्रकार के रचनात्मक शिविरों से बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलता है। 10 दिनों तक बच्चों की कौशल क्षमता देखते बन रही थी। समर कैंप में छात्रों को कला, संगीत एवं नृत्य, योग, खेल और फिटनेस, विज्ञान नवाचार एवं नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, वीडियो एवं फोटो एडिटिंग आदि की जानकारी दी गई।

इस दौरान वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाया गया। उल्लेखनीय है कि अद्वितीय महिला साम्राज्ञी ने लगभग 130 तीर्थ स्थलों, नदियों के घाटों का निर्माण कराया था। ग्रैंड ट्रंक सड़कें, शिक्षा केंदो, व्यायाम शालाओं, धर्मशालाओं का भी निर्माण करा था। उन्होंने 30 मंदिरों में साधु संत निवास, प्रवचन कक्ष एवं प्रांगण बनवाए थे। कार्यक्रम में शकुंतला ठाकुर,एकता वर्मा, संतोषी आर्य, टीना चंदेल, उषा चंद्राकर सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

---

# पशु चिकित्सालय के सामने तड़पती रही गाय, किसी ने नहीं ली सुध

## भूख-प्यास और इलाज के आभाव में गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

पशु चिकित्सालय के समीप एक घायल गाय पांच दिनों तक तडफते रही लेकिन न उसका इलाज हुआ और न ही उसके खाने पीने की किसी ने सुध ली। उपचार के अभाव में भूखी प्यासी गाय ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। शव से दुर्गंध उठने के बाद तथाकथित गौ रक्षक, गौ सेवा के लिए सामने आए और शव को ठिकाने लगाने के लिए नगर पंचायत की दौड़ लगाने लगे। निकाय कर्मियों ने गाय का अंतिम संस्कार किया।

नगर में 22 मई को एक गाय को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया था। घायल गाय शिवनाथ हास्पिटल के समीप सडक किनारे पड़ी थी। यहां रहने वाली रचना खंडेलवाल ने सुबह इसकी सूचना नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी को दी। नगर अध्यक्ष ने स्वच्छता कर्मियो को भेजकर इलाज के लिए पशु चिकित्सालय भेजा। यह गाय एक सप्ताह तक यहां पड़ी रही किन्तु न तो मालिक ने खोज खबर लिया और न किसी ने उपचार करवाया। एक सप्ताह तक पशु चिकित्सालय कैंपस में पड़ी गाय ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। जब तक गाय जीवित रही तब तक किसी ने सुध नहीं लिया मौत के बाद शव से दुर्गंध उठने पर गौ रक्षा की दुहाई देने वाले पहुंचने लगे और वह मदद के नाम पर नगर पंचायत को शव उठाकर अंतिम संस्कार करने का निर्देश देते रहे। आखिरकार गाय को सदगति देने का स्वच्छता कर्मियो ने बीडा उठाया और उसका अंतिम संस्कार किया। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि गाय को उन्होंने पषु चिकित्सालय इसलिए भिजवाया था ताकि समुचित उपचार और देखरेख हो सके।



---

# श्रमदान से मार्गों के किनारे की गई सफाई

## खाली जमीन में कचरा डालने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



नगर को क्लीन सिटी बनाने का अभियान पांचवे सप्ताह भी जारी रहा। शनिवार को राजीव गांधी चैक से मेरेगांव तक सड़क के दोनों किनारे प्लास्टिक, पालिथीन एवं कूडा कचरा साफ किया गया। नागरिको से घरों के कचरा को स्वच्छता दीदी को सौंपने की अपील की गई।

नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान अब गति पकडने लगा है। बीते सप्ताह शनिवार को राजीव गांधी चौक से मेरेगांव तक सफाई किया गया। इससे पूर्व राजीव गांधी चौक से मोहला मानपुर मार्ग पर मुक्तिधाम तक सफाई किया गया था। नगर को क्लीन सिटी बनाने के लिए प्रति सप्ताह दो घंटे तक नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारी व स्वंय सहायता समूह के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा नागरिक अपना योगदान दे रहे है। शनिवार को चलाए गए अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी , सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, प्राचार्य आरडी कोसरिया, कमल किशोर यादव, पिंटू तिवारी, अफसान खान, बाबू दुबे, मोंटी खंडेलवाल, मनीश बंसोड, दिलीप कुंभकार, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, उर्मिला पटेल, भानबाई पटेल, जहांआरा, धनकुंवर पटेल आदि शामिल हुए।

#### डोर टू डोर कचरा नहीं देने पर कार्रवाई

डोर टू डोर कचरा संकलित करने वाली स्वच्छता दीदिया को कचरा नही देने वाले नागरिकों पर कार्रवाई हो सकती है। कार्रवाई से पूर्व पहले ऐसे लोगों को समझाया जा रहा है और सहयोग की अपील की जा रही है लेकिन उन्होने अपने व्यवहार में सुधार नही किया तो आने वाले समय पर जुर्माने की कार्रवाई हो सकती है। इसी प्रकार शासन के निर्देश पर नगरीय निकाय खाली आवासीय प्लाटो से टैक्स वसूल सकती है। इन खाली जमीन में कचरा फैला मिला तो जुर्माना लगाया जा सकता है। शासन के निर्देश बाद खाली जमीन के मालिको को जमीन को साफ रखना पडेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि जिन वार्डों में खाली प्लाट में कचरा फैला है। उन्हे नोटिस देकर अलर्ट किया जा रहा है। उन्हे कचरा साफ कराने की हिदायत दी जा रही है। जमीन मालिकों से सहयोग नही मिला तो इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

---

# सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ी शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

प्रतिबंध के बाद भी गंडई नगर के सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी का चलन बढ़ने लगा है। पियक्कड़ सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने के बाद पानी पाउच, डिस्पोजल गिलास, शराब की खाली शीशी और अन्य समान छोड़ जाते है जिससे जनता को परेशान होना पड़ता है। जगह जगह गंदगी होने लगी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार रात को शराबी हर उस जगह का इस्तेमाल करते है जहां लोगों की आवाजाही होती है।लोग गंदगी को पार करते हुए कार्य करने जाते है। बता दे कि पंडरिया स्थित तालाब में रात को पियक्कड़ शराब का सेवन करने के बाद गंदगी छोड़ कर चले जाते हैं। पंडरिया निवासी किसन यादव ने बताया कि तालाब के पार में भगवान शिव और शनिदेव का मंदिर है। यहां श्रद्धालु सुबह शाम पूजा अर्चना करने आते है परंतु शाम को मंदिर के पास पियक्कड़ नशा करने बैठ जाते हैं जिसके कारण श्रद्धालु महिला एवं पुरुष असहज महसूस करते हैं।



#### अपेक्षित कार्रवाई नहीं

श्री यादव ने बताया कि इस संबंध में वह थाने में कई बार शिकायत कर चुके हैं। पुलिस आती है परंतु पियक्कड़ भाग जाते हैं। उन्होंने पियक्कड़ों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ताकि श्रद्धालुओ को पूजा पाठ या अन्य दैनिक गतिविधियों में परेशानी न हो। इसी तरह पंडरिया से भड़भड़ी मार्ग, दौजरी पहुंच मार्ग और कुछ मोहल्लों के अलावा नदी किनारे एवं सूनी जगहों पर शराब का सेवन करते है।

### प्रशिक्षण वर्ग 13 तक

**पटेवा।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत बिलासपुर की योजनानुसार जिला ग्राम भारती के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय दस दिवसीय आवासीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 13 जून तक सरस्वती शिशु मंदिर टेड़ेसरा में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में प्रतिदिन अलग अलग विषयों का शिक्षण होगा। प्रशिक्षण में लगभग 60 आचार्य दीदी उपस्थित हो रहे हैं। इस दौरान बुंदा वर्मा, अशोक लोहिया, राजेश खांडेकर, तिलक सिन्हा, केके वैष्णव, कृष्णकुमार वर्मा, नंदेश्वर श्रीवास्तव, हेमराय सिन्हा मार्गदर्शन देंगे।

---

# नवाचारी शिक्षा रत्न से पाठक सम्मानित

- रचनात्मक कार्यों के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़



नवाचारी गतिविधियाँ समूह की छत्तीसगढ़ टीम ने राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह शैक्षिक संप्रवाह का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 155 शिक्षक, शिक्षिकाओं का सम्मान हुआ। कार्यक्रम में अतिथि जेपी रथ अपर संचालक एससीईआरटी, डॉ बी रघु सहायक संचालक एससीईआरटी, बीएल देवांगन डाईट प्राचार्य, डॉ.एसके जैन, केके साहू, समूह प्रमुख संजीव सूर्यवंशी, डॉ सुनील यादव एवं पवन कुंभकार थे। इस कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के शिक्षक अजय पाठक को संगीत्याम, भाषा में नवाचार, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रमाण पत्र, मेमोंटो, पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सतत सहयोग के लिए पवन कुमार कुम्भकार को भी सम्मानित किया गया। श्री पाठक को जनपद पंचायत सभापति टूमन साहू, प्राचार्य आरके देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेदप्रकाश साहू, चंद्रप्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेन्द्र नेताम, देवकुमार मोहनमाला, लिखन राम सरपा, लीलेंद्र देवांगन ने बधाई दी है।

---

### विद्यार्थियों को किया गया मोटिवेट, पहल की सराहना

# पढ़ाई में रुचि विकसित करने दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नए शिक्षा सत्र आरंभ होने के पहले विद्यार्थियों और पालकों के लिए शैक्षिक मार्गदर्शन और मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन नर्मदा में किया गया। मुख्य अतिथि हाजी कलाम खान थे। अध्यक्षता फेडरेशन अध्यक्ष डॉ मकसूद ने की। कार्यक्रम का आयोजन जिला अधिकारी कर्मचारी मुस्लिम फेडरेशन और नर्मदा मुस्लिम समाज के सहयोग से किया गया।

उक्त मौके पर हाजी कलाम ने लोगों से बच्चों की पढ़ाई लिखाई में सहयोग करने की अपील की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मकसूद ने गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 के तहत बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि जागृत करने और पालकों से अपेक्षित सहयोग की भावना का विकास करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशिष्ट वक्तव्य में जहीन खान ने विद्यार्थियों की कठिनाई पर चर्चा करते हुए मार्गदर्शन किया। शिक्षक शेख कलीम और सिराज खान ने परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करते हुए प्रदर्शन को बेहतर करने के गुर सिखाए। जिला मुस्लिम समाज के गणना पत्रक भरने की जानकारी और पत्रक उपलब्ध कराया। कार्यक्रम के आयोजन में कुतुबुद्दीन अज्जु और सचिव कलीम खान ने सहयोग दिया। अंत में आभार प्रदर्शन कुतुबुद्दीन अज्जू भाई ने किया।



#### शामिल हुए विद्यार्थी और पालक

कार्यक्रम में कक्षा पहली से बारहवीं तक के बालक बालिका और उनके पालक सम्मिलित हुए। आरजू निशा, अक्सा निशा, इफरा खान, इनाया निशा, नूवेर खांन, आयात शामिल हुए। इस दौरान शेख कलीम, सिराज खान, जहीन खान, अमीन मेमन, इंसान खान, कौशर खान, अरमान खान, जलील खान, सिरताज खान, कलीम खान, अमजद खान, फिरोज खान, अय्यूब खान, इंकलाब मिर्ज़ा, वाजिद खान, अफजल खान, आशिक सिद्दिकी, मिर्ज़ा इमरान, मिर्ज़ा इनायत, अल्ताफ खान, इरसाद खान, आरीफ खान, इरफान खान, बल्लू, नसीमा बेगम, रुखसार बेगम सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव**
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
E-202412090100011 अ/19 (3) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-गठुला, प०ह०नं0-32 रा.नि.मं.-सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, आवेदक श्री आर.के. गोस्वामी, कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग छ.ग.स्टे.पा.डि.कं.लि. राजनांदगांव द्वारा ग्राम बोरी उपसंभाग विद्युत कार्यालय भवन निर्माण हेतु ग्राम गठुला स्थित शासकीय भूमि खसरा नं0 576/1 रकबा 8.1040हे0 में से 0. 06एकड़/0.024 हे० आबंटित किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। इस हेतु ग्राम पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव एवं खसरा नक्शा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव द्वारा भू-राजस्व संहिता एवं छ०ग० शासन के अन्य सुसंगत नियमों के तहत जांच एवं प्रतिवेदनार्थ माननीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय राजनांदगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 10/06/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नही की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक :-13/05/2025.
सुनवाई दिनांक :- 10/06/2025
मुहर
नायब तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

## सार समाचार

### मुरमुंदा में दिखा भालू, उमड़ी भीड़



**डोंगरगढ़।** उपर मंदिर मार्ग से लगे मुरमुंदा रोड पर स्थित ग्राम कुरूभाठ के आबादी इलाके में भालू देखा गया। भालू की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद उसे देखने वालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। झाड़ियों में अटखेली करते भालू की मौका देखकर लोगों ने फोटो खींचा और विडियो बनाकर सोशल मिडिया में वायरल किया है। कुरूभाट पहाडी एवं प्रज्ञागिरि के आसपास पिछले कई सालों से भालूओं का झुंड देखा जा रहा है। चंद्रगिरि और कुरूभाट पहाड़ियों के बीच भालू देखे जाने से हडकंप मच गया था।

### एनसीसी कैडेटों ने मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस



**राजनांदगांव।** कमान अधिकारी 38 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनांदगांव के निर्देशन में 31 मई को तम्बाखू निषेध दिवस के रूप में स्टेड हाईस्कूल के कैडेटों ने मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्कूल राजनांदगांव के पूर्व एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव उपस्थित थे। स्कूल के कैडेट सीएचएम नेहा यादव द्वारा पुष्प-गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया तथा तम्बाखू से होने वाली अनेक बीमारियों पर विस्तुत चर्चा की। साथ ही समाज में इस विषय पर जनजागरण कर आह्वान किया गया। कैडेट को जनजागरण हेतु शपथ दिलाई गई। अंत में एनसीसी गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर पूर्व एनीसीसी कैडेट एवं मार्गदर्शक रूबी मिर्जा उपस्थित रही। उक्त जानकारी शाला के एनसीसी अधिकारी सुनिल भागवत ने दी।

## पेज 9 के शेष

### कागजों में पीएम आवास...

**कई मकानों पर कब्जा**-अवैध कब्जे के मामले में सबसे ज्यादा शिकायत रेवाडीह और लखोली क्षेत्र में सामने आ रही है। यहां पर जिन्हें मकान आबंटन हैं, वह किराये पर रह रहे हैं और जो अवैध कब्जाधारी हैं, कई मकानों में ताला लगाकर रखे हुए हैं।

**किराये पर मकान**-शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना में कई लोगों ने सभी जगह कब्जा किया हुआ है और अपने कब्जे की मकान को दूसरों को किराये पर भी दे दिया है। ऐसे कई अवैध कब्जाधारी हैं, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान किराये पर चला रहे हैं।

### निजी उद्योग को...

किसानों का कहना है कि जलाशयों और तालाबों का निर्माण किसानों की जमीन को लेकर किया गया है। गांवों में हर साल सिंचाई के लिए इन जलाशयों से पानी दिया जाता है। वहीं गांवों में पेयजल और निस्तारी के लिए भी यहां से पानी की सप्लाई होती है। किसानों का कहना है कि यदि उद्योग समूह को पानी दिया गया तो किसानों को काफी नुकसान होगा। यही कारण है कि किसानों ने अब आंदोलन का भी ऐलान कर दिया है। किसानों का साफतौर पर कहना है कि यदि उद्योग को पानी दिया गया तो उग्र आंदोलन होगा।

### ड्राईवरों का अल्टीमेटम...

संघर्ष करते हुए समय-समय पर आंदोलन कर रहे वाहन चालकों ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते नशे के मामले को देखते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग की है। इसके अलावा अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वाहन चालकों के लिए ड्राईवर आयोग एवं ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करने की मांग दोहराई है।

**ड्राईवरों का किया समर्थन**-वाहन चालकों की मांग का समर्थन करने पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि वाहन चालक अपने आंदोलन के माध्यम से 21 अक्टूबर 2024 और 19 मार्च 2025 को रख चुके है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### म्यूल एकाउंट खाताधारक...

धनराशि 710 रुपए तथा 3 जून 2024 को 70000 रुपए अपने खाता में जमा होना बताया। आरोपी ऐसे रकम प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाता को उपयोग करना बताया। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### नशीली टेबलेट बेचने....

में भेजा गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी से पूछताछ करने पर बिहार भागलपुर के ग्राम सबोर के पास एक बस्ती में असलम नाम के व्यक्ति से खरीदना बताया था।

**पुलिस ने की कार्रवाई**-पुलिस के अनुसार आरोपी की पता तलाश हेतु एक टीम गठित कर बिहार राज्य भेजी गई, जहां गठित टीम द्वारा आरोपी साजन कुमार कनसारा को नशीली टेबलेट बेचने वाले आरोपी नफीज परवेज उर्फ अक्षय उर्फ असलम 29 साल निवासी फतेहपुर मुकेरीटोला थाना जीरो माईल आद्योगिक प्रक्षेत्र भागलपुर जिला भागलपुर बिहार को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमांड में बिहार से लाकर डोंगरगढ़ न्यायालय में पेश किया गया है।

### कन्या शाला में हुई अतिशेष की काउंसिलिंग, अधिकारी रहे मौजूद

# 148 अतिशेष शिक्षकों को नए शालाओं में दी गई ज्वाइनिंग

## काउंसिलिंग प्रक्रिया की कराई गई वीडियोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शालाओं में अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में शिक्षक संगठनों की आपत्ति के बावजूद प्रशासन ने निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी कर अतिशेष शिक्षकों का रिक्त शालाओं में पदांकन आदेश जारी कर दिया।

आत्मानंद कन्या शाला मे काउंसिलिंग की प्रक्रिया दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने वर्तमान में पूर्व माध्यमिक शाला भूलाटोला में शिक्षिका मृदुला त्रिपाठी को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया बाद खैरागढ़ ब्लाक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदैनी में पदस्थापना का प्रथम आदेश पत्र प्रदान किया। इसके अलावा 33 महिला सहायक शिक्षिकाओं, 64 सहायक शिक्षक, एक एक महिला व पुरूष प्रधानपाठक, 7 महिला 12 पुरूष शिक्षक, 9 महिला, 12 पुरूष व्याख्याता और 3 महिला व 5 पुरूष सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला को मिलाकर जिले में 148 अतिशेष शिक्षकों को नए शालाओं में ज्वाइंनिग के लिए पदांकन आदेश जारी किया गया। डिप्टी कलेक्टर सुमन राज, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण आरएल ठाकुर, डीईओ लालजी द्विवेदी, खैरागढ़ बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीईओ छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना व शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों कमलेश्वर सिंह, रामलाल साहू, कौशल श्रीवास्तव की मौजूदगी में पूरी काऊसलिंग प्रक्रिया की विडियोग्राफी भी कराई गई। हालांकि प्रक्रिया शुरू होने से पहले छग समग्र सहायक शिक्षक फेडरेशन ने अतिशेष शिक्षकों की वरिष्ठता को लेकर शिक्षा विभाग में द्वारा जारी सूची में सीनियर-जूनियर की पहचान, दावा आपत्ति के लिए समय के अलावा पारदर्शिता को लेकर आपत्ति दर्ज कराते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल से मुलाकात कर अपनी बात रखी लेकिन कलेक्टर ने शासन के आदेश और नियमों का हवाला देते हुए पूरी प्रक्रिया में स्पष्टता और पूरी तरह से पारदर्शिता का आश्वासन दिया जिसके बाद फेडरेशन पदाधिकारी काऊंसलिंग प्रक्रिया के दौरान कन्या शाला में मौजूद



### 148 शिक्षकों के साथ 18 शाला भी हुई मर्ज

शासन के आदेश बाद युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में शालाओं में कार्यरत अतिशेष शिक्षकों को काऊंसलिंग के दौरान 90 एकल शिक्षकीय, 5 शिक्षक विहीन सहित विषयवार रिक्त शालाओं में पदांकन आदेश दिया गया इसके साथ ही जिले में अलग-अलग स्थानों पर संचालित 18 शालाओं को मर्ज किया गया जिसमें खैरागढ़ शहर में टिकरापारा प्राथमिक शाला को प्रायोगिक शाला में और छुईखदान शहर में राजमहल चौक में संचालित शाला को एक दूसरे में मर्ज किया गया। इसके साथ ही एक ही परिसर में संचालित 16 शालाओं को एक दूसरे में मर्ज किया गया जिसके चलते जिले में अब कोई भी शाला एकल शिक्षकीय या शिक्षक विहीन नही रह जाएगी। डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि शासन के नियम निर्देश और कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन मे युक्तियुक्तकरण की सारी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से पूरी की गई है। अब जिले में कोई भी शाला शिक्षक विहीन नही होगी। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया के दौरान लिपिकीय त्रुटि या अन्य किसी कारण से हुए मिस्टेक को मौके पर ही सभी के सामंजस्य से सुलझा लिया गया। शिक्षक संवर्ग प्रसन्न है।

## पुलिस ने तेज की रात्रि गश्त

**राजनांदगांव।** अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने रात्रिकालीन गश्त तेज कर दिया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गश्त के दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है एवं कार्रवाई किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 1 जून को एसपी मोहित गर्ग के निर्देशानुसार एएसपी मुकेश ठाकुर एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर शहर के गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों व कालोनियों में पेट्रोलिंग करें। रात्रि में आपराधिक गतिविधि एवं अपराध के संभावनओं को देखते अपराधों पर अंकुश लगाने थाना कोतवाली, लालबाग, बसंतपुर, डोंगरगढ़, घुमका एवं ओपी तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा पुलिस गश्त के दौरान चार पहिया वाहन एवं मोटर साइकिल से घूमते, आवारागर्दी करते लड़कों व असामाजिक तत्वों को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। अनावश्यक घूमने वाले मनचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। शहरी थाना के अलावा थाना घुमका, सोमनी, तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त किया गया तथा देर रात घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की रोक-ठोक कर गहन पूछताछ की गई। गश्त से असमाजिक तत्वों में हडकंप मचा हुआ है।

## साइकिल दिवस पर जिले में आयोजित हुई साइकिल रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ महापौर मधुसूदन यादव ने दिखाई हरी झंडी

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मोमेंट को आगे बढ़ाने संडे ऑन साइकिल का 25वां संस्करण विश्व साइकिल दिवस पर सुबह 7 बजे खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। महापौर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गौरवपथ होते हुए आंबेडकर चौक से वापस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर में समाप्त हुई।

इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और अपने आपको फिट रखना है। सरकार के इस आयोजन का उद्देश्य आमजनों को स्वस्थ रखने प्रेरित करना है। श्री यादव ने कहा कि हम सभी को अपने दैनिक जीवन में सुबह रोज कम से कम 30 मिनट का व्यायाम व साइकलिंग करना ही चाहिए। साथ ही साइकिल को दैनिक जीवन में उपयोग में लाने आह्वान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने उपस्थितजनों को शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में प्रियंका करनजेकर, प्रिंस भाटिया, संध्या ध्रुव, शकील अहमद, पंकज कुरंजेकर, पंकज पांडेय, परमजीत सिंह, प्रियंका, दिव्या आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र तिवारी एवं आभार फिरोज अंसारी ने किया।

## जारवाही के ग्रामीणों ने किया शिक्षकों का विरोध



**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत जारवाही के ग्रामीणों ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर निलंबित शिक्षक, शिक्षिका की दोबारा ग्राम के स्कूल में पदस्थापना नहीं होने देने की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आगामी 17 जून को स्कूल में तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला जारवाही में पदस्थ शिक्षक पारख प्रकाश सोनबोईर एवं शिक्षिका सुचिता साहू विगत छह माह से निलंबन में थे, जो अभी नए शिक्षा सत्र में पुनः उसी शाला में कार्यभार ग्रहण कर लिए हैं। उक्त शिक्षकों के आचारण, व्यवहार एवं कर्तव्य विमुखता के कारण पालक एवं समस्त ग्रामवासी पहले से इनको लेकर आक्रोशित हैं।

### ग्रामसभा में प्रस्ताव

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे शाला विकास समिति के अध्यक्ष हेमराय कुंवर सहित ग्रामीणों और पालकों ने कहा है कि हम उक्त शिक्षकों की शाला में दोबारा पदस्थापना नहीं चाहते। इसके लिए उन्होंने ग्रामसभा में भी प्रस्ताव करने की बात कही है।

### अन्य शिक्षकों को पदस्थ करने की मांग

ग्राम पंचायत जारवाही से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दोनों शिक्षकों ने अपनी ज्वाईनिंग कर ली है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि इन शिक्षकों को नहीं हटाया गया तो शाला में तालाबंदी कर आंदोलन किया जाएगा। अपने आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त शिक्षकों के स्थान पर अन्य शिक्षकों को पदस्थ किया जाए।

## राजनांदगांव हॉकी लीग का भव्य आगाज

**राजनांदगांव।** रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पटरीपार क्षेत्र स्थित चिखली स्कूल मैदान में राजनांदगांव हॉकी लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता क्षेत्र में छत्तीस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट को लीग कम नॉकआउट पद्धति में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में जिले की 10 प्रमुख टीमें खिताब के लिए आमने-सामने होगी। भाग लेने वाली टीम में शंकरपुर फाइटर्स, शांति नगर सुरमा, गवर्नमेंट प्रेस टाइटंस, चिखली ड्रैगन्स, शिवनगर बुल्स, दीनदयाल चैलेंजर्स, रामनगर हीरोज, राइजिंग स्टार्स गौरीनगर, सोलह खोली स्ट्राइकर्स तथा रमन बाजार वॉरियर्स। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि छत्तीस वर्षों के अंतराल के बाद रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हॉकी लीग का आयोजन इतिहास को दोहराने और गौरव लौटाने का अवसर है। यह आयोजन राजनांदगांव के उभरते खिलाड़ियों को मंच प्रदान करेगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट का संचालन अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ हॉकी एवं हॉकी इंडिया के प्रशिक्षित अंपायर्स और अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कल 3 जून को शिवनगर बुल्स बनाम रमन बाजार वॉरियर्स दोपहर 01 बजे, शंकरपुर फाइटर्स बनाम शांति नगर सुरमा दोपहर 02 बजे एवं गवर्नमेंट प्रेस टाइटंस बनाम चिखली ड्रैगन्स शाम 04 बजे मैच होगा।



## पुल पर जानलेवा अंधा मोड़, स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई- कवर्धा मार्ग पर स्थित रपटा पुल में जानलेवा अंधा मोड़ है जिस पर थ्री स्टेप स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंडई- कवर्धा मार्ग रपटा पुल से होकर जाता है। यहां जानलेवा अंधा मोड़ है। मोड़ पर सूचना बोर्ड या स्पीड ब्रेकर नहीं होने से दुर्घटना होने की आशंका रहती है। यहां पूर्व में कई दुर्घटना हो चुकी है जिसमे लोग अपनी जान भी गवां चुके हैं। बीते एक जून को हृदयविदारक घटना में 10 वर्षीय मासूम बच्चे और उसके दादा को जान से हाथ धोना पड़ गया, क्योंकि इस अंधे मोड़ पर स्पीड ब्रेकर नही था और हाइवा चालक ने वाहन की स्पीड कम नही किया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि मौके पर स्पीड ब्रेकर होता तो शायद यह घटना नहीं होती।

### प्रबंध किया जाएगा

लोक निर्माण विभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजशेखर मेश्राम ने बताया कि स्थल निरीक्षण करवाकर समुचित व्यवस्था किया जाएगा।

### खतरनाक है मोड

गंडई निवासी शेख एजाज ने बताया कि स्पीड ब्रेकर नहीं होने से पुल के मोड़ पर अक्सर दुर्घटनाएं होते रहती है। युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहसिन खान ने बताया कि अंधे मोड़ में न स्टॉपर है न स्पीड ब्रेकर। किनारे गड्ढा हो गया है जिसके कारण दुर्घटना होती है। सूरज निषाद ने बताया कि अंधे मोड़ की वजह से लगातार दुर्घटनाएं होती है। मोड़ होने के बावजूद स्पीड ब्रेकर नही बनाया गया है जो दुर्घटना के बढ़ने का कारण है। प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष रोहित देवांगन ने बताया कि राजनाँदगाँव से कवर्धा मार्ग को स्टेट हाइवे 05 का दर्जा मिला है। इसी मार्ग पर रपटा पुल है जिसमें जानलेवा मोड़ है। सूचना बोर्ड और स्पीड ब्रेकर के नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं होती है। सभी ने प्रशासन से उक्त स्थान पर थ्री स्टेप स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग किया है।

# चश्मा लगाकर देखे भाजपाई, कांग्रेस के पांच साल में हुए विकास कार्य : छन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्थानीय रेस्ट हाउस से कांग्रेस सरकार एवं उनके पांच साल के कार्यकाल में खुज्जी विधानसभा में कराए गए सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत विकास कार्यों को लेकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि चश्मा लगाकर देखे भाजपाई कि कांग्रेस सरकार एवं उनके कार्यकाल में विकास की गंगा बही है। वनांचल क्षेत्र के मरकाकसा एवं जोब सड़क मार्ग का दो साल पहले टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिसका निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पंचायतों में पानी टंकी के निर्माण कार्य अधूरे हैं। क्षेत्र में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है और भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल के कार्यकाल में अपनी उपलब्धि को लेकर समाधान शिविर का आयोजन कर रही है। जिसमें ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेंदाड़ी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू मरकाकसा से जोब सड़क निर्माण को टेंडर की प्रक्रिया दो साल पहले पूर्ण हो चुकी है एवं क्षेत्र की अन्य समस्याओं को लेकर हाथों में तख्ती लेकर जमीन पर बैठ गई। समाधान शिविर में इसी बात को लेकर भाजपा नेताओं और पूर्व विधायक के बीच झड़प हो गई। शिविर में भाजपा नेताओं ने उन पर आरोप लगाया कि उनके पांच साल के कार्यकाल में सड़क निर्माण क्यों नहीं हुआ। जिसका जवाब देते पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्थानीय रेस्ट हाउस से नारेबाजी करते कहा कि भाजपा सरकार द्वारा डेढ़ साल में खुज्जी क्षेत्र के विकास के लिए कराए गए विकास कार्यों को गिनकर दिखाएं। तहसील कार्यालय में तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कांग्रेस एवं उनके पांच साल में कराए गए विकास कार्यों की सूची सौंपी हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शेषवरी धुर्वे, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, डॉ. प्रकाश शर्मा, कांति भंडारी, पूनम शर्मा, दुर्गा महानदिया, युग्ना हिरवानी, एकनाथ सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, शकील कुरैशी, जयपाल यादव, सोनू खान, सुनील लारोकर, सूर्यकुमार खिलारी, कन्हैया कोले, गिरधारी साहू, लालचंद साहू, मिथलेश ठाकुर, अमीत अग्रवाल, भभूति कोलियारे, विजय साहू, कमलेश यादव, छोटेलाल कटेंगा, जसवंत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।




### चश्मा लेने से किया इन्कार

पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कुमर्दा से गैंदाटोला-कल्लूबंजारी एवं गुंडरदेही से उमरवाही-करमरी तक सड़क निर्माण की मांग की है। ज्ञापन सौंपते उन्होंने क्षेत्र के भाजपाईयों के नाम चश्मा भी तहसीलदार को सौंपा। जिसको तहसीलदार ने लेने से इन्कार कर दिया, तब उन्होंने अपने समर्थकों के साथ चश्मा को तहसीलदार के टेबल पर छोड़कर इसका विरोध जताया।

आवश्यकता है
1. मैनेजर - 1 पद (वेतन 15,000/-)
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 2 पद (वेतन 9,500/-)
3. मेकेनिक - 2 पद (वेतन 10,000/-)
4. गोदाम कीपर - 1 पद (वेतन 10,000/-)
5. ड्राईवर कम हेल्पर - 4 पद (वेतन 10,000/-)
समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय में संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, राहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
26 जुलाई से 01 अगस्त 2025 (सावन में)
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

## रेत चोरी के खिलाफ रातभर दबिश दिया अफसरों ने

# उंगली उठने के बाद कार्रवाई करने निकले अफसर, चार ट्रेक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

रेत माफिया के नियंत्रण से बाहर होने और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने के बाद रविवार की रात को ताबड़ तोड़ कार्रवाई करते हुए चार सोल्ड ट्रेक्टर जब्त किया गया। पूरी कार्रवाई राजस्व विभाग द्वारा की गई इस दौरान खनिज संपदा की चोरी रोकने के लिए जिम्मेदार खनिज विभाग दूर दूर तक नजर नहीं आया।

उल्लेखनीय है कि सत्ता परिवर्तन के बाद से खनिज माफिया नेताओं के संरक्षण में अंधाधुंध रेत का खनन और परिवहन कर विभिन्न नदियों को खोखला करने में लगा है। रेत के अवैध दोहन के लगातार मामले सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से संदेह व्यक्त किया जा रहा था इस खेल में नेता और अधिकारी संरक्षक की भूमिका निभा रहे है। गौरतलब है कि बगदई, मेढ़ा, रातापायली, साल्हे, चांदो, आसरा सहित अन्य गांव से बेहिसाब रेत का खनन और परिवहन किया जा है।

### रातभर जागे अफसर

जानकारी के अनुसार अनुभाग मुख्यालय के चारों तरफ से रेत की निकासी के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से राजस्व और खनिज विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे थे। प्रशासन की छबि तार तार होने के बाद एसडीएम और तहसीलदार ने रविवार की रात को मोर्चा संभालते हुए चार सोल्ड ट्रेक्टर को रेत के साथ जप्त किया। इससे पहले रातापायली से भी ट्रेक्टर जप्त किया गया था।



### कर्मी भी संदेह के घेरे में

जानकारी के अनुसार कुछ अधिकारियों के वाहन चालक खनिज माफिया से बेजा वसूली करने में जुटे हैं। वाहन चालकों के डिजिटल खातों की जांच किया जाए तो कई संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हो सकता है। इसी प्रकार खनिज विभाग के कुछ कर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है। बताया जाता है कि यह कर्मी माफिया को कार्रवाई के पूर्व ही जानकारी देते है जिससे कई बार मौके से वाहन गायब हो जाते है।

### आवास योजना बनी सुरक्षा कवच

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निर्माण के लिए रेत का खनन करने की छूट दिया है। शासन की इस छूट का पूरा फायदा खनिज माफिया उठा रहा है। जितनी संख्या में आवास स्वीकृत है और उसमे लगने वाली रेत से कहीं अधिक मात्रा में रेत का खनन और परिवहन किया जा चुका है। कुछ जगहों पर मेटाडोर और ट्रेक्टर में सीधे रेत लोड किया जा रहा है तो कुछ जगहों पर छोटे वाहन से निकासी करने के बाद डंप कर महंगे में बेचा जा रहा है।

# जिले में मलेरिया माह जून के लिए तैयारियां जोरों पर, बैठक आयोजित

- रोकथाम, उपचार और जन-जागरूकता पर विशेष जोर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




जिले के अति मलेरिया संवेदनशील क्षेत्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झलमला में मलेरिया नियंत्रण के लिए रणनीति तय करने के उद्देश्य से एक समीक्षा सह प्रशिक्षण बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस बैठक की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने की। इस दौरान पर जयंत कुमार, रूपेश साहू, बालाराम साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में जून माह को मलेरिया माह के रूप में प्रभावी ढंग से मनाने की योजना बनाई गई।

मलेरिया नियंत्रण के लिए व्यापक रणनीतियों पर चर्चा करते हुए रोकथाम, त्वरित उपचार और जन-जागरूकता गतिविधियों पर विशेष बल दिया गया। बैठक में मलेरिया नियंत्रण और रोकथाम के लिए निर्देश जारी किए गए। जिसमें मच्छरदानी का नियमित उपयोग, जलभराव की रोकथाम, नीम पत्ती का धुआं, मच्छर अगरबत्ती जैसे घरेलू उपाय व त्वरित जांच किट और स्लाइड टेस्ट की तकनीकी जानकारी साझा की गई। बैठक में मलेरिया पॉजिटिव मामलों में दवा का पूरा कोर्स कराना अनिवार्य किया गया।

दवाओं की खाली पत्तियां मितानिनों को सौंपने के निर्देश दिए गए। दूरस्थ गांवों में दवा व टेस्ट किट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही गई। सामग्री वितरण के अंतर्गत मलेरिया टेस्ट किट, कीटनाशक दवाएं, क्लोरोक्विन गोलियां, मच्छर अगरबत्तियां आदि है। मलेरिया माह के दौरान विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिसमें रैलियां, स्वास्थ्य शिक्षा शिविर, कोटवार के माध्यम से मुनादी, ग्राम प्रमुखों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों की बैठकें, बैगा-गुनिया सम्मेलन, छात्रावासों, स्कूलों, आश्रमों में जांच अभियान, घर-घर जाकर नीम पत्ती का धुआं और गड्ढों को पाटने की गतिविधियां, साथ ही मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी-दस्त, डायरिया, और सर्पदंश से बचाव के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# अवैध शराब कारोबार पर पोंड़ी पुलिस की प्रभावी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध व अपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध शराब बिक्री-परिवहन व जुआ, सट्टा-पट्टी मामलों में पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना चौंकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश व अपराधिक गतिविधियों में अकुंश लगाने प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में पुलिस चौंकी पोंड़ी को विश्वनीय मुखबिर से सूचना मिली जिस पर ग्राम सारंगपुर चौबट्टा के पास पुलिस टीम द्वारा छापा मारकर गिरफ्तार किया।

वहीं आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देसी शराब बरामद की गई। जिस पर पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबार पर त्वरित कार्यवाही कर जेल भेजा गया। साथ ही साथ आम नागरिकों से अपील है कि वे ऐसे अपराधों की सूचना पुलिस को तुरंत दें ताकि अवैध शराब का कारोबार समाप्त किया जा सके। इस कार्यवाही में संदीप चौबे एवं थाना चौंकी पोंड़ी पुलिस का विशेष योगदान रहा।

## अर्जुन तिवारी पहुंचे झलमला व विपतरा, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से की भेंट-मुलाकात



कुण्डा। कुण्डा प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री तथा पंडरिया जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी आज वे वनांचल से लेकर मैदानी क्षेत्र के अधिकांश सामाजिक व परिवारिक कार्यक्रम जैसे शादी-विवाह, शोक संवेदना से लेकर छट्टी जैसे मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होने पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव जा रहें हैं। उनके एक विश्वस्त साथी ने बताया कि श्री तिवारी का यह जनसंपर्क अभियान का चुनावी राजनीति से कोई संबंध नहीं है, बल्कि यह कार्यक्रम उनसे जुड़े लोगों से आत्मीय और पारिवारिक सम्बन्धों को बनाए रखने का सतत प्रयास मात्र है। कुछ इसी तरह का कार्यक्रम 31 मई का था, जब श्री तिवारी को पता चला कि ग्राम विपतरा के कर्मठ युवा कांग्रेस नेता व्यास चंद्राकर सर्प काटने के गंभीर खतरे से सकुशल बचकर स्वास्थ्य लाभ ले रहें हैं, तो उन्होंने तुरंत उससे मिलकर कुशल क्षेम जाना। वहीं श्री तिवारी ग्राम झलमला पहुंचे जहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता भारत चन्द्रवंशी के निज निवास में पुत्र रुपेश चन्द्रवंशी के दशगात्र कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान कवर्धा ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, किरण शर्मा, गिरीश चंद्रवंशी,भानु चंद्राकर, तुलसी चंद्राकर, पारस योगी, उमेश चंद्राकर, विजय चंद्रवंशी व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने खिलाड़ी मिली सोनी को सम्मानित किया

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पुलिस अधीक्षक ने प्रदान किया आर्थिक सहयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी मिली सोनी को पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप आर्थिक सहायता प्रदान कर सम्मानित किया। यह सहायता मिली सोनी की देहरादून में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब-जूनियर कराटे प्रतियोगिता में सहभागिता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के उद्देश्य से दी गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एएसआई रामाधर यादव, कोच आकाश राजपूत और मिली सोनी के पिता उपस्थित थे। सभी ने मिली सोनी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वह राष्ट्रीय स्तर पर कबीरधाम जिले का परचम लहराएंगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने मिली सोनी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिली जैसी बेटियां ही कबीरधाम जिले का गौरव हैं, जो अपने खेल कौशल से राष्ट्रीय स्तर पर कबीरधाम का नाम रौशन कर रही हैं। उन्होंने मिली को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और स्वर्ण पदक जीतने के लिए प्रेरित किया। एसपी श्री सिंह ने यह भी कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन और सहयोग देने की। पुलिस प्रशासन सदैव ऐसे होनहार बच्चों के साथ खड़ा रहेगा। मिली सोनी ने पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रोत्साहन उनके आत्मविश्वास को और भी मजबूत करेगा और वह पूरी मेहनत से प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि यह सहयोग मेरे लिए केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संबल है। इससे मेरा आत्मविश्वास कई गुना बढ़ा है। मै पूरी मेहनत और समर्पण के साथ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लूंगी और कबीरधाम का नाम रौशन करने का भरपूर प्रयास करूंगी।

### छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से मिली सोनी चयनित

उल्लेखनीय है कि 11 से 15 जून तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से मिली सोनी को चयनित किया गया है। यह प्रतियोगिता देशभर के खिलाड़ियों के बीच आयोजित की जाएगी, जिसमें मिली सहित कबीरधाम जिले के खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। मिली सोनी इससे पूर्व भी तीन बार छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनकी इस सफलता के पीछे लगातार कड़ी मेहनत और समर्पण है। मिली को पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक आकाश सिंह राजपूत से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जिनके निर्देशन में वह निरंतर प्रशिक्षण ले रही हैं। मिली की इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, प्रशिक्षकों और जिले के खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## तालाब की साफ सफाई, सीसी रोड व मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित ग्रामवासी



**हरिभूमि बरबसपुर।** आदर्श ग्राम चंडालपुर स्थित तालाब साफ-सफाई के अभाव में तालाब का पानी मटमैला व पानी से दुर्गंध आने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों को आदर्श ग्राम चंडालपुर तालाब की सौन्दर्यीकरण की मांग की गई। तथा तालाब में उग आए खरपतवार एवं अन्य पत्तिदार वनस्पतियों के दुर्गंध से रहवासियों को भारी दिक्कते हो रही है। वहीं वर्तमान में ग्राम चंडालपुर के रहवासी बुनियादी सुविधा के लाभ से वंचित नजर आ रहे है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चंडालपुर स्थित तालाब में निस्तारी के लिए पचरी का अभाव व साफ-सफाई तथा सीसी रोड के अभाव के कारण लोगों को गुजर-बसर करने में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिधियों को इस ओर ध्यान देने ग्राम चंडालपुर में विकास कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को सुविधा व राहत मिल सकें।

## खबर संक्षेप

### पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम खैरवार-मरका में पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण के अंतिम दिन भगवान शिवजी के गीता सहित पूरे पांच दिन के कथा सार का संक्षिप्त में प्रसंग कथा व्यास संतोष गोस्वामी द्वारा सुनाया गया। जिसमें संगीतमय भजनों से श्रोतागण भाव-विभोर हुए।

**न्यायालय तहसीलदार पंडरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. .....................ब-121 वर्ष-2024-25

आवेदक-अमोलीराम अहिरवार पिता सिद्धराम जाति अहिरवार निवासी ग्राम रोहरा तहसील पंडरिया जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम रोहरा प.ह.नं. 41 सूचित किया जाता है कि आवेदक अमोलीराम अहिरवार पिता सिद्धराम जाति अहिरवार साकिन रोहरा तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक की बहन गीता पिता सिद्धराम की मृत्यु दिनांक 20.08.2008 को ग्राम रोहरा में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 2/6/25 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 19/5/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 19/5/25
पेशी तिथि - 2/6/25

मुहर

तहसीलदार पंडरिया
कबीरधाम

# दिव्यांगता के कारण पढ़ाई-लिखाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



शहर सहित क्षेत्र के दिव्यांग बच्चे अगर वे स्कूल जाते भी हैं, तो दिव्यांग बच्चे शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय और उससे आगे आने-जाने में परेशानी के कारण स्कूल छोड़ने की संभावना अधिक होती है। मिली जानकारी के अनुसार ऐसा ही घटना विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला के दिव्यांग कुशकुमार दिवाकर पिता शिवकुमार दिवाकर आयु 16 वर्ष की है। जो पूरी तरह से कहीं आने-जाने व चलने में असमर्थ होने के कारण कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई-लिखाई के बाद स्कूल व पढ़ाई बंद करने मजबूर हो गए। चलने में असमर्थ व दिव्यांग कुशकुमार दिवाकर के कमर का रीड की हड्डी ऊपर आ जाने एवं हाथ-पैर भी कमजोर होने के कारण अपनी पढ़ाई-लिखाई धीरे-धीरे बंद कर दी गई। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों तथा जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा दिव्यांग कुशकुमार को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना ना करना पड़े इसलिए दिव्यांग कुशकुमार को बैटरी चलित स्कूटी प्रदान किया जाए, ताकि यह अपने आगे की पढ़ाई-लिखाई सुचारू रूप से कर सके। साथ ही साथ अन्य लोगों की तरह अपने माता-पिता व क्षेत्र का नाम रौशन कर सके।

## सीएफआरएससी- एफआरसी का सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

# शिखर युवा मंच का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में गत 28 से 30 मई तक बस्तर संभाग के अंतर्गत ग्राम कामदेव कुरुषपाल एवं धुड़मारस में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति से जुड़े सदस्यों के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को सामुदायिक अधिकारों और ग्राम स्तर पर वन संसाधनों के न्यायसंगत प्रबंधन की प्रक्रिया की गहन जानकारी प्रदान करना था। यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल सूचना और अनुभव के आदान-प्रदान का माध्यम बना, बल्कि प्रतिभागियों के लिए वह अवसर भी लेकर आया जहाँ वे व्यवहारिक धरातल पर ग्राम सभा, समितियों की संरचना, योजना निर्माण और संसाधनों के संरक्षण के सफल उदाहरणों को नजदीक से देख सकें। जिन ग्रामों का चयन भ्रमण के लिए किया गया, वे छत्तीसगढ़ के ऐसे गांव हैं जहां सामुदायिक वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत ग्राम सभा द्वारा अधिकार प्राप्त कर प्रभावी ढंग से उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान सीएफआरएमसी के सदस्यों ने यह प्रत्यक्ष देखा कि ग्राम सभा अपने वनों की निगरानी, उपयोग और संरक्षण के लिए नियम बना रहे हैं, उनके पालन की जिम्मेदारी ले रहे हैं और अपने ग्राम विकास की दिशा तय कर रहे हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि जब ग्राम सभा सशक्त होती है, तो वह अपने संसाधनों की रक्षा करने में न केवल सक्षम होती है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूत कदम बढ़ाती है।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सीएफआरएससी-एफआरसी की गठन प्रक्रिया, दस्तावेजीकरण और अभिलेख संधारण, खाता संचालन, वार्षिक कार्ययोजना निर्माण और समितियों की पारदर्शी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इन विषयों को स्थानीय विशेषज्ञों एवं आट्री संस्था के अनुभवी मार्गदर्शकों द्वारा व्यावहारिक सत्रों, संवाद, और ग्राम स्तर की प्रस्तुतियों के माध्यम से समझाया गया। इस भ्रमण की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि प्रतिभागियों ने केवल विषय को सुना या देखा ही नहीं, बल्कि उन ग्रामवासियों से संवाद भी किया जो वर्षों से इन प्रक्रियाओं को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर सफल उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने जाना कि कैसे स्थानीय नियमों के पालन, संसाधनों के सामूहिक उपयोग, और वन उपज के न्यायसंगत वितरण से ग्रामों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। शिखर युवा मंच द्वारा किया गया यह आयोजन केवल एक भ्रमण मात्र नहीं था, बल्कि यह सामुदायिक सशक्तिकरण, पर्यावरणीय चेतना और स्थानीय शासन प्रणाली को गहराई से समझने का अवसर था।

यह पहल आने वाले समय में सीएफआरएससी-एफआरसी समितियों को और अधिक सक्षम, उत्तरदायी और जागरूक बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। इस शैक्षणिक भ्रमण में ग्राम जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, धुमाछापर, छुही, लब्दा, जोकपानी, दुर्जनपुर, लीलादादर, बांटीपथरा, मुड़घुसरी के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, वन अधिकार समिति के सदस्य तथा शिखर युवा मंच की टीम सहित कुल 31 प्रतिभागी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि मंजूर

**कवर्धा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्ति ग्रस्त परिवार को चार-चार लाख रुपए की मान से 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सोनपुरी रानी निवासी इंद्रनाथ की गोवा स्थित कल्गुर बीच में समुद्र में डूबने से मौत हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त लक्ष्मी बाई को, ग्राम कोमो निवासी रमेश धुर्वे की पानी में डूबने से मौत हो जाने पर विपत्ति ग्रस्त झाड़ीन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूर की गई है।

### पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन

**कवर्धा।** कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार आवेदन मंगाए गए हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग के मुताबिक इच्छुक किसान 31 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह पुरस्कार राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर को प्रदान किया जाएगा, जिसमें दो लाख रुपए की पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। आवेदन उपसंचालक कार्यालय से फ्री में प्राप्त किए जा सकते हैं।

**वारदात:** जांच में जुटी पोंड़ी पुलिस, आरोपी फरार

# ग्राम प्रभाटोला में बुजुर्ग ग्रामीण की धारदार हथियार से हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के थाना क्षेत्रों से एक के बाद एक सामने आ रहे हत्या के मामलों के बीच सोमवार को जिले की पोंड़ी पुलिस चौंकी अतंर्गत ग्राम प्रभाटोला से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें अज्ञात लोगों द्वारा एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की कुल्हाड़ी मारकर निर्मम हत्या कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि अज्ञात आरोपियों ने वैसे तो इस घटना कांड को रविवार की रात करीब 8.00 बजे ही अंजाम दे दिया था लेकिन मृतक के परिजनो को घटना की जानकारी सोमवार की सुबह हुई और उन्होने इसकी सूचना तत्काल पोंड़ी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के बाहर खून से लतपथ पड़ा मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं शव की स्थिति को देखते हुए इसे प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानते हुए अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गई है। लेकिन अभी तक अज्ञात आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**जमीन विवाद के चलते हत्या की आशंका**



मृतक के परिजनो, स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ और स्थिति परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की आशंका जताई जा रही है कि अगमदास कुर्रे पिता बिसहुआ कुर्रे आयु 65 वर्ष की हत्या अज्ञात लोगों द्वारा जमीन विवाद के चलते की गई है। हालांकि अभी इस संबंध में पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। वहीं पुलिस का कहना है कि फिलहाल मृतक का शव बरामद कर पंचनामा पश्चात उसका पीएम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम प्रभाटोला में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब लोगों ने स्थानीय निवासी अगमदास कुर्रे पिता बिसहुआ कुर्रे आयु 65 वर्ष का खून से लतपथ शव उसके घर के बाहर पड़ा देखा। शव को सुबह करीब 5.00 बजे सबसे पहले मृतक के परिजनो ने देखा और इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी, बाद में घटना की सूचना पोंड़ी पुलिस तक पहुंचाई गई। सूचना पाकर दल बल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले तो मौका मुआयना किया और शव की स्थिति को देखते हुए प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मानते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पोंड़ी पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में मृतक की पहचान अगमदास कुर्रे पिता बिसहुआ कुर्रे आयु 65 वर्ष निवासी ग्राम प्रभाटोला के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक अगमदास रविवार की रात करीब आठ बजे खाना खाकर सोने चला गया था लेकिन सुबह उसका शव घर के बाहर पड़ा मिला है। मृतक के शरीर पर किसी धारदार हथियार से चोट पहुंचाए जाने के निशान मिले है लेकिन मौके से ऐसा कोई हथियार बरामद नहीं किया गया है। पुलिस आगे की पूछताछ व कार्यवाही कर रही है।

# जिले में रासायनिक उर्वरकों का किया गया पर्याप्त भण्डारणः उप संचालक कृषि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

खरीफ वर्ष 2025 के लिए जिले में रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव के लिए पर्याप्त भण्डारण किया गया है।



हा लां कि जिला विपणन विभाग से मि ली जानकारी के अनुसार उसे लक्ष्य के विरूद्ध आधे से भी कम रा सा य नि क उर्वरकों का आबंटन प्राप्त हुआ है लेकिन विभाग ने इस बात की भी जानकारी दी है कि मांग के अनुरूप सहजता से आबंटन प्राप्त हो रहा है जिसके चलते मांग एवं पूर्ति में सामान्जस्य बना हुआ है और रासायनिक उर्वरकों को लेकर जिले की सेवा सहकारी समितियों में किसी प्रकार की किल्लत नहीं है।

इस संबंध में सहायक उप संचालक कृषि जिला कबीरधाम अखिलेश दुबे से मिली जानकारी के मुताबिक खरीफ 2025 में जिले के किसानो की मांग को ध्यान में रख रासायनिक उर्वरक यूरिया, डीएपी, एमओपी, एसएसपी, तथा एनपीके का कुल लक्ष्य 82937.00 मीट्रिक टन रखा गया था। जिसके विरूद्ध 39301.73 मीट्रिक टन का भण्डारण जिले को मिला है।

विभाग से प्राप्त इन आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि लक्ष्य के विरूद्ध विभाग को आधे से भी कम आबंटन प्राप्त हुआ है। विभाग ने बताया कि प्राप्त आबंटन में अभी तक जिले में संचालित सेवा सहकारी समितियों एवं खुले बाजार के माध्यम से किसानो द्वारा 27475.50 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव किया जा चुका है जबकि 11826.23 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण शेष है। उप संचालक कृषि जिला कबीरधाम ने बताया कि जिले में कहीं भी रासायनिक उर्वरकों की कमी नहीं है। समितियों में मांग के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण सुनिश्चित किया जा रहा है वहीं ऊपर से भी मांग के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों का आबंटन जिले को निरंतर प्राप्त हो रहा है।

# सेटअप के विपरीत युक्तियुक्तकरण से शिक्षक आक्रोशित, बेमुद्दत हड़ताल शुरू



- जिला मुख्यालय कवर्धा में अनिश्चितकालीन धरना प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

युक्तियुक्तकरण को लेकर छत्तीसगढ़ शासन की हठधर्मिता के चलते शिक्षकों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। यह आक्रोश वाजिब ही है, क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग ने अपने ही द्वारा सन 2008 में जारी सेटअप को दरकिनार कर मनमाने तरीके से शिक्षकों को अतिशेष बना रहा है।

आक्रोशित शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण सहित चार सूत्रीय मुद्दों को लेकर तेईस शिक्षक संगठनों की साझा मंच के बैनर तले जिला मुख्यालय के राजमहल चौक के पास स्थित राजीव गांधी पार्क में अनिश्चितकालीन जिला स्तरीय धरना प्रारम्भ कर दिया है। साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा एवं परस अंचल ने कहा कि हमारा विरोध युक्तियुक्तकरण का नहीं बल्कि गलत तरीके से किए जा रहे युक्तियुक्तकरण को लेकर है। स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना पद स्वीकृति के अनुसार होता है। इसके लिए प्रत्येक शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए पदों की स्वीकृति दिया गया है। इन स्कूलों में पदों की स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सन 2008 में सेटअप स्वीकृत किया है, जो वर्तमान में प्रभावशील है, लेकिन शासन प्रशासन इसके विपरीत कार्य करने के लिए तुले हुए हैं। शिक्षा का अधिकार कानून व नई शिक्षा नीति का हवाला देकर गलत तरीके से शिक्षकों को अतिशेष घोषित किया जा रहा है।

अधिकारीगण मौखिक निर्देश के अनुसार ही शिक्षकों को स्कूल से जोड़ने घटाने का खेल, खेल रहे हैं। क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए हाई कोर्ट के डबल बेंच के आर्डर के बाद भी सभी शिक्षकों के लिए जनरल आर्डर जारी नहीं किया जा रहा है। शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन से पहले की सेवा को गणना में नहीं लिया जा रहा है, जिससे कई शिक्षक बगैर पुरानी पेंशन के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता के चलते डीएड प्रशिक्षित हजारों शिक्षक पदोन्नति के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

पदाधिकारियों ने जिले के समस्त शिक्षकों से प्रतिदिन प्रातः 11 बजे धरना स्थल में उपस्थित रहने का आव्हान किया है। धरना के पहले दिन प्रमुख रूप से शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक रमेश चन्द्रवंशी, शिवेंद्र चन्द्रवंशी, प्रेमनारायण शर्मा, परस अंचल, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, उमेश चन्द्रवंशी, प्रीति गुप्ता, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, अर्चना सोनी, राजेश तिवारी, दुर्गा चन्द्रवंशी, माधवेश केशरी, नंद सोनी, शिव धुर्वे, संजय चन्द्रवंशी, छवि निर्मलकर, सुंदर नाविक, सुनील देशलहरे, रामकुमार चौरिया, प्रकाश भुआर्य, अर्जुन मेरावी आदि उपस्थित थे।

### स्थानीय स्तर पर त्रुटियों के निराकरण हेतु विधायक का जताया आभार

वर्तमान में जारी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में जिला स्तर पर किए जा रहे त्रुटियों के संबंध में शिक्षक साझा मंच के जिला संचालकों ने स्थानीय विधायक कार्यालय को अवगत कराया, जिसके बाद कवर्धा विधायक कार्यालय के निर्देश के बाद कई शिक्षकों के अतिशेष संबंधी त्रुटियों का निराकरण कराया गया, जिसके लिए शिक्षक साझा मंच ने कवर्धा विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अहिरवार समाज के होनहार विद्यार्थियों का किया जाएगा सम्मान

- सामाजिक समिति ने बोर्ड कक्षाओं की बनाई मैरिट सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में अहिरवार समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची तैयार की गई है जिसमें हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में कुमारी सुमन महोबिया पिता राम महोबिया ने 93.4 प्रतिशत, कुमारी माधुरी बांधेकर पिता घनश्याम बांधेकर ने 91.2 प्रतिशत, कुमारी ज्योति महोबिया पिता राम महोबिया ने 90.6 प्रतिशत और हाई स्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं में विवेक लांझी पिता शेष दत्त लांझी ने 94.8 प्रतिशत, आर्यन कुमार पिता भगत 93.1 प्रतिशत, कुमारी जिज्ञासा पिता राजेंद्र हठीले 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज द्वारा बनाए गए मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। गुरु कृपा युवा कल्याण समिति जिला कबीरधाम के अध्यक्ष पूराराम पनागर ने बताया कि समाज के बच्चों की मेरिट सूची तैयार कर टॉप 10 को समाज की ओर से सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया जाता है। समिति के अध्यक्ष श्री पनागर ने बताया कि आने वाले दिनो में जल्द ही समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर समाज के इन प्रतिभावना विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।



## ईश्वरी लाल चंद्राकर बने प्रदेश कोषाध्यक्ष




**पंडरिया।** छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों का निर्वाचन रविवार को चंद्रा भवन सरकंडा में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में पूर्व प्रांताध्यक्ष डां. हेमंत कौशिक एवं राजेन्द्र चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुए चुनाव में बड़ी संख्या में आजीवन सदस्य मौजूद रहे। साधारण सभा की चुनावी बैठक के प्रारंभ में इच्छुक उम्मीदवारों ने नियमानुसार अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी 22 पदों के लिए प्राप्त एक-एक नामांकन की छानबीन के बाद चुनाव परिणाम निर्धारित समय पर घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी डां. हेमंत कौशिक ने चुने हुए पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें सर्वसम्मति से 2025 से 2028 तक के तीन वर्षिय कार्यकाल के लिए कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर प्रदीप कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर विश्वनाथ कश्यप कोरबा, देवी चंद्राकर, माला चंद्राकर, महासचिव के पद पर अनिल कुमार वर्मा बिलासपुर, कोषाध्यक्ष के पद पर ईश्वरी चंद्राकर पंडरिया को चुना गया। इसी प्रकार कुर्मी क्षत्रिय चेतना मंच के अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया गया।

## मिलन समारोह...




**कवर्धा।** शहर के सीनियर सीटीजन्स का स्नेह मिलन समारोह किया गया आयोजित।

## पेज 9 के शेष

### कागजों में पीएम आवास...

**कई मकानों पर कब्जा**-अवैध कब्जे के मामले में सबसे ज्यादा शिकायत रेवाडीह और लखोली क्षेत्र में सामने आ रही है। यहां पर जिन्हें मकान आबंटन हैं, वह किराये पर रह रहे हैं और जो अवैध कब्जाधारी हैं, कई मकानों में ताला लगाकर रखे हुए हैं। **किराये पर मकान**-शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बने प्रधानमंत्री आवास योजना में कई लोगों ने सभी जगह कब्जा किया हुआ है और अपने कब्जे की मकान को दूसरों को किराये पर भी दे दिया है। ऐसे कई अवैध कब्जाधारी हैं, जो प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान किराये पर चला रहे हैं।

### निजी उद्योग को...

किसानों का कहना है कि जलाशयों और तालाबों का निर्माण किसानों की जमीन को लेकर किया गया है। गांवों में हर साल सिंचाई के लिए इन जलाशयों से पानी दिया जाता है। वहीं गांवों में पेयजल और निस्तारी के लिए भी यहां से पानी की सप्लाई होती है। किसानों का कहना है कि यदि उद्योग समूह को पानी दिया गया तो किसानों को काफी नुकसान होगा। यही कारण है कि किसानों ने अब आंदोलन का भी ऐलान कर दिया है। किसानों का साफतौर पर कहना है कि यदि उद्योग को पानी दिया गया तो उग्र आंदोलन होगा।

### ड्राईवरों का अल्टीमेटम...

संघर्ष करते हुए समय-समय पर आंदोलन कर रहे वाहन चालकों ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते नशे के मामले को देखते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग की है। इसके अलावा अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वाहन चालकों के लिए ड्राईवर आयोग एवं ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन करने की मांग दोहराई है। **ड्राईवरों का किया समर्थन**-वाहन चालकों की मांग का समर्थन करने पहुंचे जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष मनीष देवांगन ने कहा कि वाहन चालक अपने आंदोलन के माध्यम से 21 अक्टूबर 2024 और 19 मार्च 2025 को रख चुके है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### म्यूल एकाउंट खाताधारक...

धनराशि 710 रुपए तथा 3 जून 2024 को 70000 रुपए अपने खाता में जमा होना बताया। आरोपी ऐसे रकम प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाता को उपयोग करना बताया। आरोपी के विरूद्ध साक्ष्य सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### नशीली टेबलेट बेचने....

में भेजा गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी से पूछताछ करने पर बिहार भागलपुर के ग्राम सबोर के पास एक बस्ती में असलम नाम के व्यक्ति से खरीदना बताया था। **पुलिस ने की कार्रवाई**-पुलिस के अनुसार आरोपी की पता तलाश हेतु एक टीम गठित कर बिहार राज्य भेजी गई, जहां गठित टीम द्वारा आरोपी साजन कुमार कनसारा को नशीली टेबलेट बेचने वाले आरोपी नफीज परवेज उर्फ अक्षय उर्फ असलम 29 साल निवासी फतेहपुर मुकेरीटोला थाना जीरो माईल आद्यौगिक प्रक्षेत्र भागलपुर जिला भागलपुर बिहार को गिरफ्तार कर ट्रांजिस्ट रिमांड में बिहार से लाकर डोंगरगढ़ न्यायालय में पेश किया गया है।

**कोटपा 2003 नियम के तहत 22 दुकानों पर प्रशासन ने की चालानी कार्रवाई**

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर में कोटपा 2003 के नियमो के पालन के लिए विकासखंड कवर्धा अंतर्गत पिपरिया में पान दुकानों थोक किराना स्टोर्स आदि में धारा 4 व 6 के तहत कुल 22 चालान काटे गए एवं कार्यवाही की गई। नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। सिगरेट तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया। कोटपा नियमो का पालन करने हेतु समझाईश दी गई। कोटपा 2003 धारा लिखित पॉम्पलेट्स प्रदाय किया गया। दल का प्रतिनिधित्व जितेंद्र पाटीदार ,औषधि निरीक्षक एवं डॉ रोशनी पटेल जिला नोडल अधिकारी द्वारा किया गया संयुक्त टीम में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग के सदस्य शामिल थे। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर में शासकीय संत कबीर कृषि महाविद्यालय जिला कबीरधाम के छात्र छात्राओं द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रदाय थीम पर सुंदर मॉडल बनाया गया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता हेतु शासकीय संत कबीर कृषि महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए तंबाकू नशा मुक्ति के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. रोशनी पटेल के द्वारा तम्बाकू धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं उसका सेवन से होने वाले बीमारियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं ने भी सवाल पूछे जिनकी जानकारी उन्हें नहीं थी एवं मॉडल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था, जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। जिला समन्वयक रेडक्रॉस बालाराम साहू के द्वारा तंबाकू निशेष पर शपथ भी दिलवाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम सिंह, डॉ निर्बोध प्रभा, डीपीएम अनुपमा तिवारी, डॉ.रोशनी पटेल, बालाराम साहू जिला समन्वयक रेडक्रॉस, गौरव सोनी एनसीडी सलाहकार, पूर्णिमा दंत सहायक सहित कृषि महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। साथ ही भोरमदेव नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती मरीजों के साथ भी पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिस के लिए नशा मुक्ति केन्द्र्र जाकर उन्हें तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं चित्रकारी करने के लिए कहा गया है।



# इन्फ्लुएंजा बीमारी की रोकथाम के लिए निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले में सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार जैसे लक्षण वाले मरीज की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (इली) और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (सारी) के प्रभावी सर्वेक्षण व प्रबंधन के निर्देश जारी किए हैं। सभी शासकीय व निजी अस्पताल को आईएचआईपी पोर्टल पर इन प्रकरण की अनिवार्य एंट्री करने कहा गया है। वहीं मितानिनों के माध्यम से समुदाय स्तर पर ऐसे लक्षण की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। ऐसे मामलों की रिपोर्टिंग करते हुए राज्य सर्विलांस इकाई को प्रतिदिन रिपोर्ट भेजने कहा गया है।

